तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

12 खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह ..



12 पांच दिवसीय शालेय स्वास्थ्य एवं वैलनेस कार्यक्रम ...





## खबर संक्षेप

### शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** अंगना में शिक्षा प्राथमिक स्तर के बच्चों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन खंड स्त्रोत कार्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुर्सी दौड़ के संग बातें, गोटा संग गणित, रिंग फसाओ नाम बताओ, बंडल बनाओ, गणित की गतिविधियां, आवाज पहचानों आदि विषयों को समुह में करके दिखाया गया। विकास खंड स्तरीय कार्यशाला में संकुल से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सामूहिक चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों को बहुत ही बेखुबी से प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित शिक्षक अपनें अपने संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करेंगे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत स्वजन को दी गई राशि

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटगांव के आश्रित ग्राम दोडदे निवासी जितेंद्र कुमार नरेटी का बीमारी होने से उनका निधन 26 नवबर 2023 को हुआ था। दिवंगत व्यक्ति का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वार्षिक प्रीमियम 436 रुपए की दर से 05 अगस्त 2023 को किया गया था। उनके निधन होने नामिनी मां बंजारों बाईं नरेटी को 2 लाख रुपए उनके बचत खाते में बीमा के राशि दिया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना का लाभ उठाने की बात अधिकारियों ने कही। इस अवसर पर बैंक सहायक रणधीर कुमार, वरुण कुमार सिंह, कंवर लाल पटेल, संतोष कोरोटी, सुकलाल सलाम, बुधन बाई सलाम एवं प्रशांत कुमार, आदित्य मैदावार, शोभना संगीता, शोभना, नगीना, शांति, सोनिया व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से पति-पत्नि घायल

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत जैसाकर्रा निवासी शंकर लाल साहू पिता स्व. सहदेव ने पुलिस को बताया कि 1 जून को शाम साढ़े 5 बजे अपनी पत्नि त्रिलोचना साहू के साथ मोटर सायकल क्रमांसी सीजी 19 बीडी 4378 से चाराम साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदकर वापस घर की ओर जा रहे थे। तभी चारामा कि ओर से आ रही सीजी 05 एफ 1399 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पत्नि और वह जमीन में गिर गए। गिरने से दोनों को चोट आई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## विरोध : घटना के दूसरे दिन सोमवार को पखांजूर व कापसी स्वस्फूर्त बंद रहा

# नक्सल हत्या नहीं, रंजिश या राजनीतिक हत्या, पुलिस सबूत जुटाने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ हत्यारों को खुलेआम पखांजुर नगर में फांसी देने की किया माँग

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या नक्सल हत्या नहीं है, यह रंजिश या राजनैतिक हत्या है, यह पखांजुर का हर नागरिक बोलते हुए नजर आया। पुलिस भी इसी दिशा में सबूत जुटाने में लगी हुई है। जिले के अन्य थानेदार जो पखांजुर में थाना प्रभारी रह चुके है, उन्हें भी हत्या का कारण और हत्यारों की पतासाजी में लगाया गया है। घटना के दूसरे दिन एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आईजी नक्सल आपरेशन राजेंद्र दाश, आईजी बस्तर सुंदरराज पी., डीआईजी नक्सल केएल ध्रुव एसएसबी के हेलीकाप्टर से पखांजुर पहुँचकर सबसे पहले घटनास्थल का जायजा लिया।

रविवार 7 जनवरी की रात करीब 8 बजे पखांजुर पुराना बाजार चौक में भाजपा नेता व कांकेर जिला के भाजपा उपाध्यक्ष व पखांजूर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष की अज्ञात दो युवकों द्वारा गोली मार कर हत्या के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने रात को ही उनके राजनैतिक विरोधियों के घरों में हमला किया और आगजनी कर दिया।

दूसरे दिन 8 जनवरी को पखांजुर के साथ-साथ कापसी भी पूरी तरह से बंद रहा। बंद स्वस्फूर्त रहा, कही भी पान व चायर की दुकान खुली नजर नहीं आई। पखांजुर में घटनास्थल के पास ही सड़क के बींचोबीच पखांजुरवासियों ने धरना दिया। इस सभा को विधायक विक्रम उसेंडी, पूर्व विधायक मंतूराम पवार, पूर्व विधायक भोजराज नाग, अन्य जनप्रतिनिधि व पखांजुरवासियों ने कहा कि यह नक्सल घटना नहीं है। जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद की जिसने हत्या किया है और जिसने करवाया है, उसे खुलेआम पखांजुर नगर के मध्य फाँसी की सजा देनी चाहिए, जिससे दोबारा इस तरह की घटना करने के लिए हत्यारे डरे। इस प्रकार की घटनाएं पखांजुरवासियों को मंजूर नहीं। शांत पखांजुर के माहौल को बिगाड़ने का जो प्रयास किया गया है, संलिप्त होने वालों और हत्यारों का खुलासा होना चाहिए। पुलिस को हम दो से तीन दिन का समय देते है, पुलिस इस घटना का खुलासा नहीं करती है, तो पखांजुरवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



### 9 एमएम की पिस्टल से मारी गई है गोली

हत्यारों ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष असीम राय को 9 एमएम साइलेंसर पिस्टल से दाएं कान के पीछे केवल एक गोली दागी है, जिसका खोखा पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस जब्त खोखे की भी फोरेंसिक जाँच करवा सकती है। हत्यारे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के सिर पर गोली मारकर भागे हैं।

### पुलिस कई एंगल में जुटा रही सबूत

पुलिस कई एंगल से इस मामले में जांच कर रही है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष असीम राय पर पूर्व में भी साल 2014 में नगर पंचायत चुनाव के ठीक पहले हत्या का प्रयास हो चुका है। इस मामले में पुलिस ने उनके गांव पीव्ही 28 के एक आरोपी को चार साल बाद पकड़ा था, उससे भी पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही वतर्मान में नगर पंचायत पखांजुर में कांग्रेस अध्यक्ष बप्पा गांगुली के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के एंगल में भी पुलिस जांच कर रही है। पखांजूर नगर पंचायत बनने के पूर्व असीम राय अपने गांव हरिहरपुर के सरपंच थे। इस दौरान भी उनके गांव में दो गुट था और काफी विवाद था। पुलिस इस एंगल में भी जांच कर रही है। इसके साथ साथ अन्य राजनैतिक विरोधियों के मामलों में भी पुलिस जांच कर रही है।

### होटल में की गई तोड़फोड़

सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने मौत होने की ज्योही जानकारी दी, गुस्साएं भाजपा सर्मथक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के राजनैतिक विरोधी पार्षद विकास पाल के होटल पहुँचे और वहाँ पर तोड़फोड़ की। होटल में रूके हुए ग्राहकों की कार को भी तोड़फोड़ करते हुए तहस नहस कर दिया। भीड़ सत्यानंद पल्ली स्थित नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली के घर पहुंची। यहां भी इनके घर में जमकर तोड़फोड़ किया और अंदर घुसकर पूरा समान तोड़ दिया। घर के बाहर रखी स्कूटी में भी आग लगा दी। भाजपा सर्मथकों का गुस्सा सातवें आसमान पर थ़ार। शायद उस समय उनके राजनैतिक विरोधी मिल जाते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# खड़े ट्रक से बाइक भिड़ी, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हुआ हादसा

चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ट्रक को लापरवाहीपूर्वक रास्ते में खड़ा करने से बाइक उससे जा भिड़ी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे में बैठे युवक को चोटें आईं हैं। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे दरगहन निवासी 61 वर्षीय सोनसाय कुंजाम पिता रैनूराम कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा कमलेश कुंजाम अपने अन्य साथियों के साथ निजी काम से जगदलपुर जा रहे हैं बोलकर घर से निकला था। गांव के राजू नरेटी ने 7 जनवरी को रात 8 बजे फोन कर बताया कि मुख्य मार्ग एनएच 30 बाबूकोहका के पास कमलेश लोगों का एक्सीडेंट हो गया है। बाबूकोहका के पास जाकर देखा कि रात साढ़े 7 बजे बाबूकोहका के पास मेन रोड एनएच 30 में एक ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2700 गलत तरीके एवं बगैर किसी संकेत के मेनरोड एनएच 30 पर खड़ा करने से मेरा बेटा का मोटर सायकल क्रमांक सीजी19 बीएम 4492 ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया है। टक्कर लगने से मेरा बेटा का मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है और अन्य लोगों को चोट लगा है। चोट लगने से मेरा बेटा कमलेश कुंजाम का मौके पर मृत्यु हो गया। ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2700 के चालक द्वारा वाहन को गलत तरीके से बगैर किसी संकेत के मेनरोड एनएच 30 पर खड़ा करने से कमलेश कुंजाम का दुर्घटना में मृत्यु हो गया है एवं तनु जुर्री घायल हो गई है। प्रार्थी की शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 283, 337, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मानसगान होने से सामाजिक समरसता व संगठन की भावना को मिलती है मजबूती




■ नाश की जड़ है नशा : विधायक

**धनेलीकन्हार।** ग्राम मरकटोला फत्तेचंद में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ 5 जनवरी को और समापन 7 जनवरी को हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि ऐसे आयोजन से सामाजिक समरसता व संगठन की भावना को मजबूती मिलती है।

विधायक आशाराम नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन को करने में बड़ी मेहनत लगती है। इस आयोजन से समाज में सामाजिक समरसता व संगठन की भावना को मजबूती मिलती है तथा हमारे संस्कृति को जानने समझने में कारगर होती है। उन्होंने कहा कि समाज का सबसे बड़ा दुशमन नशापान के प्रति अगाह करते हुए कहा की नशा नाश की जड़ है, मैंने दो महीने पहले आपके गांव में आकर आपसे आशीर्वाद मांगा था, आप सबने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया है, जिसका परिणाम है कि मैं आज विधायक के तौर पर आपके बीच सेवक के रुप में हूं। अब मेरे देने की बारी है कहते हुए 1 हजार मीटर की सीसी सड़क बनाने की घोषणा किया। समापन कार्यक्रम के विशिष्ट ▶▶| शेष पेज 10 पर

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर सरपंच गायत्री धुर्वा, समिति अध्यक्ष चमन यादव, ग्राम पटेल शिव प्रसाद हिचमी, छबि हिचामी, शांता ठाकुर, संयोजक मुक्तेश्वर ठाकुर मुन्ना, मनीष पान्डेय, सरक्षक डॉ. माखन गंजीर, सचिव मनीष साहू, बिरेश गंजीर, लच्छन नेताम, सगुन साहू, आत्माराम साहू, देवेन्दर हिरवानी, नरेन्द्र दिपक, मिडिया प्रभारी शंत कुमार साहू, लीलाराम सिन्हा मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री जनमन मिशन के तहत पीवीटीजी संगवारी को प्रशिक्षण



■ स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास करना

**कांकेर।** प्रधानमंत्री जनमन मिशन अंतर्गत विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह कमार की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करने तथा प्रत्येक विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक कार्य एवं सामुदायिक कार्यों के तहत शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टोरेट सभा कक्ष में पीवीटीजी संगवारी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जनमन मिशन के तहत समस्त पीवीटीजी परिवारों एवं ग्रामों में 9 केन्द्रीय मंत्रालय के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिले के विकासखंड नरहरपुर के कुल 13 ग्रामों में 72 परिवार कुल जनसंख्या 283 हैं, जिसमें पुरूष 147, महिला 136 विशेष रूप से कमजोर जनजाति कमार निवासरत हैं। इनके जीविकोपार्जन के साधन व बांस शिल्प कला, कृषि एवं मजदूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुमित अग्रवाल द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह कमार हितग्राहियों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराये जाने के लिए पीवीटीजी संगवारी को निर्देशित किया गया। मिशन अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति जीवन स्तर में सुधार करने के लिए पात्र परिवारों को पक्के आवास का निर्माण, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के हितग्राही को शिक्षा, आधार कार्ड, प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य एवं पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी तथा स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला परियोजना समन्वयक ▶▶| शेष पेज 10 पर

# वन मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, सांसद व विधायक अंतिम संस्कार में पहुँचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कैबिनेट मंत्री ने परिजनों को दिलाया भरोसा, हत्यारों को मिलेगी सजा

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष असीम राय का शव अंतिम दर्शन के लिए 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे के आसपास विधायक कार्यालय में रखा गया, उसके उपरांत पखांजुर निवास में शव को ले गए। इसके उपरांत सत्यानंद आश्रम, घटनास्थल और उसके बाद गाँव पीव्ही 28 लेकर गए, जहाँ अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया के माध्यम से असीम राय को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा हेलीकाप्टर से पखांजुर पहुँचे और वहाँ से सीधे असीम राय के गाँव पीव्ही 28 पहुँचे। सांसद मोहन मंडावी, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, भाजपा के जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, राजीव लोचन सिंह, अनूप सिंह राठौर, हलधर साहू, भाजयुमो अध्यक्ष राजा पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष अंतागढ़ राधेलाल नाग, पखांजुर पार्षद मोनिका शाह व भाजपा के अन्य पदाधिकारी पखांजुर से निकली शव यात्रा के साथ उनके ग्राम पीव्ही 28 पहुँचे। जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दिया और उनके परिवार को ढाढस बंधाया। परिजनों को ढाढंस बंधाते हुए हत्यारों को पकड़ने और कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का आश्वासन दिया। वनमंत्री केदार कश्यप ने असीम राय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। असीम राय भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता व कांकेर ज़लिा भाजपा के उपाध्यक्ष थे। व्यक्तिगत तौर पर उनके साथ हम सबका जुड़ाव रहा है। चुनाव के दौरान साथ मिलकर कार्य किए हैं। निश्चित तौर पर उनके जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता का जाना उनके परिवार ही नही हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है। वन मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान असीम राय चुनाव संचालक थे। उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिला है। उनके साथ हम सबने मिलकर कार्य किया है। असीम राय को जिस प्रकार से गोली मारकर हत्या की गई, यह कायरतापूर्ण कृत्य है। इस घटना की सभी पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच पड़ताल किया जाएगा और जो भी इस घटना में संलिप्त हैं, ऐसे दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।





### दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि असीम राय की नृशंस हत्या भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ता का यूं चले जाना बहुत ही दुःखद है। अभी कुछ दिन पहले ही उन्होंने मेरे चुनाव संचालक के रूप में साथ में काफी वक्त बिताया है। असीम राय एक नेता के रूप में सरल, सहज रूप से सबके लिए उपलब्ध रहते थे। उनकी हत्या परलकोट क्षेत्र में भाजपा परिवार के लिये अत्यंत ही दुखदायी है। भाजपा परिवार दुख की इस घड़ी में असीम राय के परिवार के साथ खड़ी है। पुलिस प्रशासन असीम राय के हत्यारो की खोज, जांच पड़ताल में पूरी ताकत से लगी है, जल्द ही हत्यारे पकड़े जाएंगे और दोषी कोई भी उनको बख्शा नहीं जाएगा।

## आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के विकास के लिए सरकार है कटिबद्ध

# प्रधानमंत्री ने भानबेड़ा की भूमिका से किया संवाद, काम करने का बताया तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्र सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 जनवरी को विकासखंड कांकेर के मनकेसरी में पहुँची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने ग्राम भानबेड़ा की भूमिका भूआर्य से वर्चुअल संवाद किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूछे जाने पर भूमिका ने बताया कि उनके गांव में 29 समूह हैं और वन धन विकास केंद्र के माध्यम से लघु वनोपज संग्रहण का काम समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है, जिसका बड़े पैमाने पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके तहत महुआ के लड्डू और आंवले का अचार बनाकर बेचा जाता है। पीएम के पूछने पर भूमिका ने बताया कि महुआ के लड्डू बनाकर समूह द्वारा 700 रुपए प्रतिकिलो के भाव से बेचा जाता है। वर्चुअल संवाद के दौरान हितग्राही से प्रधानमंत्री ने चुटकी लेते हुए पूछा कि और किस चीज के लिए महुए का उपयोग होता है, जिस पर मौजूद सभी लोगों के ठहाके से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। भूमिका ने यह भी बताया कि इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि का भी लाभ मिल रहा है। पीएम के पूछे जाने पर भूमिका ने बताया कि योजनाओं की जानकारी माता पिता के माध्यम से मिली है। मैं और मेरा छोटा भाई कॉलेज में अध्ययनरत हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने भूमिका के जागरूक माता पिता के प्रणाम करते हुए कहा कि उनकी जागरुकता के चलते बच्चे उच्च शिक्षा का लाभ ले रहे हैं।



इस अवसर पर ग्राम मनकेसरी में शिविर लगाकर विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई, साथ ही मौके पर आधार अपडेशन, आयुष्मान कार्ड, बी वन का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उपस्थितजनों को विकसित भारत निर्माण की शपथ भी दिलाई। मौके पर डीएफओ आलोक बाजपेई, सीईओ जिला पंचायत सुमित अग्रवाल, एसडीएम मनीष साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थिति रहे।

### पीएम ने 7 मिनट किया संवाद

पीएम ने लगभग 7 मिनट तक हुए सीधा संवाद के पश्चात कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ निचले स्तर पर भी निर्बाध ढंग से पहुंच रही है, इसकी उन्हें संतुष्टि है। आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। आमलोगों के विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस दौरान पीएम ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि उनकी सरकार को आदिवासी समाज के निचले स्तर पर जाकर काम करने का मौका मिला।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### साल्हेटोला का वार्षिक मेला 12 को

**दुधावा।** सरोना तहसील अन्तर्गत ग्राम साल्हेटोला का वार्षिक मेला 12 जनवरी को हर साल की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मेला के शुभ अवसर पर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम जय मां दुलवरीन लोक कला नाचा पार्टी डाकू मंगल सिंग बरही सांकरा जिला बालोद के द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।

### क्रांतिवीर सुखदेव पातर हल्बा को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दें दर्जा

**भानुप्रतापपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेण्डी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्वतन्त्रता संग्राम के अमर सिपाही क्रांतिवीर सुखदेव पातर हल्बा को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा दिए जाने की मांग की है। कोमल हुपेण्डी ने कहा कि सुखदेव पातर हल्बा ने बस्तर संभाग के सुदूर अंचल भेलवापानी दुर्गुकोंदल से निकलकर क्षेत्र में स्वतंत्रता की अलख जगाई।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के अनुयायी बनकर वे सारा जीवन देश को स्वतंत्रता दिलाने में लगा दिया लेकिन दुर्भाग्य है कि आदिवासी समाज के सपूत को आज तक न तो पूर्व की सरकारों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा दिया और न ही उनके परिवार को सेनानी परिवार को मिलने वाली सुविधाएं दी गई। प्रतिवर्ष उनके परिजनों व स्वतन्त्रता संग्राम स्मृति समिति तथा हल्बा आदिवासी समाज द्वारा 9 जनवरी को पुण्यतिथि मनाकर पातर हल्बा के योगदान को याद किया जाता है। कोमल हुपेण्डी ने मांग की है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंदरु केंवट,कंगलु कुम्हार व पातर हल्बा के स्मरण व स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को जीवन्त बनाए रखने के लिए भानुप्रतापपुर में म्यूजियम की स्थापना की जाए।




### शीतला मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास

**अंवरी।** ग्राम गातापार (कोर्रा) में शीतला मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। मौके पर छत्रपाल बैस, आनंद यदु, कमलनारायण साहू, देवेंद्र साहू, महेतरु साहू, पारसमणि नेताम, योगेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कालेज छात्रों ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ. सीमा साहू एवं विधिक सलाहकार शंकर देवांगन के मार्गदर्शन में विकसित भारत कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अर्पणा शर्मा, लीना गजेन्द्र, विवेक, जान्हवी, मुस्कान एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा जनसामान्य को स्वच्छता अपनाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

# विधायक ने किया कैलेंडर का विमोचन

**भानुप्रतापपुर।** अमाबेड़ा में छग आरएमए एसोसिएशन जिला शाखा-कांकेर के कैलेंडर 2024 का विमोचन अतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी ने 7 जनवरी को किया। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अब तक राज्य के ग्रामीण अंचल के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आरएमए के योगदान की सराहना की।



# राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यापारियों ने की पटाखा दुकान लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

■ खुशियों के अवसर आतिशबाजी किए जाने की बात रखी

विकासखण्ड चारामा के पटाखा के व्यापारियों ने प्रशासन से अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने पर पटाखा की दुकान लगाए जाने की अनुमति देने की मांग की है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत के लोग देश विदेश से करोड़ों रामभक्त इस दिन के साक्षी हो रहे हैं। ऐसे में सभी रामभक्त इस ऐतिहासिक क्षण का आनन्द लेना चाहते हैं। अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण भी होगा। इस विशेष दिन पर ख़ुशी का माहौल रहेगा। जब खुशी होती हैं, तो पटाखा फोड़ने से वो खुशी दोगुनी हो जाती हैं, जिससे भारत देश के सभी रामभक्त खुशियों का आनन्द ले सकें। सप्ताह भर पहले बजरंग दल सनाजन क्षेत्रीय मंच व शिवसेना द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं विधायक के नाम जिला अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस उद्देश्य से प्रशासन इस दिन पटाखे के लाइसेंस व्यापारियों को दुकान लगाने की अनुमति प्रदान करे ताकि खुशियां मनाने वाले सनातनी भाइयों को फटाखा के लिए भटकना न पड़े। पटाखा व्यापारीयों को शहर में चिन्हांकित स्थानों पर सार्वजनिक रूप में पटाखा दुकान लगाने के लिए मांग की गई है।

## प्रशिक्षण : क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में

# मेगा वालंटियर रजिस्ट्रेशन और क्षमतावर्धन के लिए स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

युवोदय कोंडानार चौम्प्स अंतर्गत मेगा वालंटियर रजिस्ट्रेशन और क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के युवाओं को समृद्धि और ज्ञान के साथ आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हुए जिले के चारों विकासखण्डों से आए नए स्वयंसेवकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ प्रशासन के कार्योंर् से रूबरू कराने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए स्वयंसेवकों को जिले की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्योंर् और युवोदय कोंडानार चौम्प्स के माध्यम से जिले में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### कई विभागों ने किया समन्वय

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी स्वयंसेवकों को अपनी योजनाओं और कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ–साथ उनके साथ सहयोग के बारे में भी चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग के झम्मन लाल वर्मा ने अनीमिया, कुपोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, सिकल सेल, और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए आवश्यक हैं। कृषि विभाग के शेषमणी पाण्डे द्वारा कृषि विकास के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। पशुधन विभाग के डॉ0 एसके नाग द्वारा पशु चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। जिससे पशुपालकों को नई योजनाओं का लाभ मिल सके।





### शिक्षा विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इन विभिन्न विषयों पर चर्चा के माध्यम से स्वयंसेवकों ने विभिन्न योजनाओं को समझा और समुदाय और गांवों में इनको लागु करने के लिए प्रेरित किया गया।

# विधायक सुश्री लता उसेंडी से मिले पेंशनर दी बधाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित हुई विधायक सुश्री लता उसेंडी से छग पेंशनधारी कल्याण संघ कोंडागांव के अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा सृजेता पेंशनर्स पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ उनके निवास गृह में पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनायें दी। सुश्री उसेण्डी ने अपने निवास गृह में लड्डू खिलाकर पेंशनरों का सहृदयता से स्वागत सम्मान किया। इस दौरान पेंशनर पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सभी पेंशनरों की मिलने की जिज्ञासा व्यक्त करते हुए कोंडागांव पेंशनर भवन में पधारने का आग्रह किया और अवगत कराया कि प्रतिमाह के 11 एवं 27 तारीख को छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ भवन में पेंशनरों की बैठक शाम 4. 00 बजे से 6. 00 बजे तक आयोजित होती है।

### लता ने आग्रह किया स्वीकार

सभी पेंशनर्स साथी भी आपसे मुलाकात करने इच्छुक हैं। उक्त तिथियों में से किसी भी तिथि को समय देने के लिये आग्रह है। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर आने के पहले सूचना देने की बात कही । इस सौहार्द्र भेंट के समय पेंशनर अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा सृजेता ,संरक्षक जीजी देवांगन, उपाध्यक्ष एस एस ठाकुर, सहसचिव पी पी गोंडाने, नासिर अली ,आरसी सेठिया, संग्राम सिंह यादव एवं अन्य पेंशनर भी साथ में उपस्थित रहे।

# विष्णु के संघर्षशील जीवन को मिला पक्के मकान की आरामदायक छाया

## जीवन में खुशियों का नया अध्याय खुला पीएम आवास योजना से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत माकड़ी के निवासी विष्णु नाग का जीवन बचपन से ही संघर्षपूर्ण रहा। वे जीवन यापन के लिए छोटी उम्र से ही दूसरों के घरों में मजदूरी का कार्य किया करते थे। वे हमेशा अपने पक्के मकान का सपना संजोते सोचा करते की उनके खुद के घर का सपना क्या कभी पूरा हो सकेगा। ऐसे में गांव के सरपंच एवं सचिव द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में जानकारी दी गयी। आवेदन के पश्चात जब वर्ष 2019–20 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्वीकृत मिली तो उनकी खुशी का ठीकाना न था।

इस संबंध में विष्णु नाग ने बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने कारण मेरे लिए खुद के पक्के घर का सपना लगभग असंभव सा था। रोजी मजदूरी कर दो वक्त रोटी जोड़ने के साथ जो थोड़ी बचत होती वह कभी पक्के घर के लिए काफी न थी। कच्चे मकान में बरसात के दौरान रहना मुश्किल हो जाता था।

कभी पानी टपकता तो कभी कीड़े मकौड़ों का डर बना रहता। ऐसे में जब आवास स्वीकृत हुआ तो परिवार में खुशी की लहर छा गयी थी। बड़ी लगन एवं निष्ठा से हमने घर का निर्माण चालू करवाया परंतु कोरोना काल में घर का काम रूक गया था। फिर पुनः किश्तों में आवास के लिए राशि प्राप्त होने से घर का निर्माण तेज हुआ समय पर किश्त आने से कभी निर्माण सामाग्री के लिए किसी दूसरे की ओर देखना भी नहीं पड़ा और देखते ही देखते घर बनकर खड़ा हो गया।

# न्यायाधीशों ने किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



सोमवार को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी. पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, हरेन्द्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अंजली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा किशोर न्याय बार्ड नारायणपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश के द्वारा किशोर न्याय बार्ड नारायणपुर में कार्यालय का रंगरोगन कराने व साफ–सफाई रखने तथा बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था कराने, किशोर न्याय बार्ड परिसर नारायणपुर का बाउंड्री वॉल बनवाने का उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया तथा ऐसे विधि से संघर्षरत बालकों या उनके परिवार वालों को किसी प्रकार की कानूनी मदद की आवश्यकता होने पर उन बालकों का आवेदन तैयार कर निःशुल्क कानूनी सलाह सहायता दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रेषित करने के लिए किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर में नियुक्त पैरालीगल वालिंटयर्स को निर्देश दिया गया। ताकि विधि से संघर्षरत बालकों को उनका अधिकार दिलाया जा सके। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, थाना प्रभारी नारायणपुर, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर, बाल परिवेक्षा अधिकारी नारायणपुर एवं कर्मचारीगण, पैरालीगल वालिंटियर्स इत्यादि उपस्थित रहे।

### रंजिश पर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत आमापारा में घर जा रहे युवक को रोककर आरोपी ने पुरानी बातों को लेकर रंजिशवश गालीगलौज कर पिटाई कर दी, जिससे युवक को चोटें आईं। युवक ने थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे श्रीरामनगर कांकेर निवासी 30 वर्षीय निजाम खान पिता जमील खान ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को शाम करीबन साढ़े 6 बजे अपने घर श्रीरामनगर जा रहा था। भवानी चौक आमापारा के पास पहुंचा था कि हुसैन खान पिता ईलयास खान ने मुझे पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करने लगा। ज्यादा होशियार बनता है आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए लकड़ी के डण्डा से मारपीट किया, जिससे बाएं पैर में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# जनमैत्री के लिए पुलिस ने की वालीबाल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस और आम जनो के बीच मित्रता एवं सौदार्यपूर्ण वातावरण स्थापित किये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के दिशा निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते निमितेश सिंह के मार्ग दर्शन में थाना अनंतपुर में 01 दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में थाना अनंतपुर अर्न्तगत 16 ग्रामीणों के टीमों ने भाग लिया। जिनके मध्य अत्यंत ही रोमांचक प्रतियोगिता हुई मैच का फायनल एरला और छतौडी की टीम के मध्य हुआ जिसमें एरला की टीम विजयी हुई।



### विजेता को शील्ड व नकद पुरस्कार

विजेता तथा उपविजेता टीम को अति. पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते एवं अनु. अधिकारी पुलिस निमितेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार के करकमलो से शील्ड एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । ग्रामीणों ने व्हालीवाल का जम कर लुत्फ उठाया। इस दौरान पुलिस और ग्र्रामीणों के बीच अच्छा रिश्ता बनता नजर आया।

**मौजूद रहे ये :** इस दौरान जन प्रतिनिधिगण सुखलाल बघेल सरपंच अनंतपुर, मंगल बघेल सरपंच एरला, गणमान्य नागरिक अनिल अग्रवाल, सुभाऊ सोनवानी, मंगलू राम पोयाम, विक्रम मण्डावी एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य की होती है प्राप्तिः भीखम



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आवासपारा सेलेगांव में आयोजित है।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में भीखम साहू रिटायर्ड सेना अफसर, अध्यक्षता सुरजोतिन देहारी अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सेलेगांव , विशिष्ट अतिथि के रूप में रितेश नाग जिला संघटक रासेयो एवं टूपेश कोसमा थे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में भीखम साहू द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ना है तो आपके इंटरेस्ट के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करना है और निर्धारित गोल की प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। इन्होंने आगे कहा कि कभी-कभी असफलता मिल सकती है। असफल होने पर निराश न हो बल्कि और अधिक उत्साह से मेहनत करें। सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी खेमलाल कटेंद्र, सहायक कार्यक्रम अधिकारी जागृति ध्रुव, सरोज दुग्गा, लीना दुग्गा समस्त स्वयंसेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 61 हजार 33 लोगों की हुई स्वास्थ्य स्क्रीनिंग

# जिले के 215 गांवों में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ लोगों को केंद्रीय योजनाओं सहित अन्य जानकारियां मिली

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के अब तक 215 गांवों में शिविर का आयोजन किया गया है और लगातार रूट चार्ट अनुसार विभिन्न विकासखण्ड के ग्राम में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अब तक 1 लाख 01 हजार 366 से अधिक लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसमें कुल 1 हजार 938 स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित विशिष्ट अतिथिगण भी शामिल हुए।

शिविर में 61 हजार 33 लोगों का स्वास्थ्य स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 56 हजार 65 लोगों का टीबी स्क्रीनिंग एवं 36 हजार 136 लोगों का सिकलसेल स्क्रीनिंग और जरूरतमंदों को आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के 100 प्रतिशत सेचुरेशन के लिए 80 ग्राम पंचायतों को अभिनंदन पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 3 हजार 677 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

शिविर में अब तक 01 हजार 786 लोगों ने सुरक्षा बीमा योजना एवं 01 हजार 282 लोगों ने जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। शिविर में 94 हजार 912 लोगों द्वारा भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। शिविर में 02 हजार 403 महिलाओं, 01 हजार 956 विद्यार्थियों, 945 खिलाड़ियों और 01 हजार 72 स्थानीय कलाकारों को विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत अवार्ड भी प्रदान किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 02 हजार 740 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने सुखद अनुभव भी साझा किए। धरती कहे पुकार के तहत 213 लोगों ने भाग लिया। शिविर में कई हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन जमा किए।

### ड्रोन के माध्यम से छिड़काव का प्रदर्शन

जिले के विभिन्न गांवों में किसानों के खेत में ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन और 211 मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा प्राकृतिक खेती के लिए 202 किसानों के साथ इंटरेक्शन किया गया। साथ ही 25 गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल अभिनंदन पत्र एवं डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत 211 अभिनंदन पत्र का वितरण किया गया है। हर घर जल योजना के 10 ग्राम पंचायत में से 7 अभिनंदन पत्र वितरित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### मानसगान होने से...

अतिथि मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, समाज सेवी अजय पप्पु मोटवानी, दिव्यांग कल्याण सघं के अध्यक्ष संतोष हिरवारी, उपसरपंच नारद हिरवानी रहे। इस कार्यक्रम में बिरेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया, मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, महामंत्री डाकेश साहू, जिला मंत्री अनुप राठौर, जनकनंदन कश्यप, समाजसेवी अंनत गोपाल कोठारी ने शिरकत किया।

### प्रधानमंत्री जनमन...

आयुष्मान भारत द्वारा शेष पीवीटीजी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

**आधार कार्ड बनवाने किया प्रेरित :** उक्त प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा पीएम जनमन मिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा शेष पीवीटीजी सदस्यों का आधार कार्ड बनाए जाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित और सहयोग किए जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत सभी परिवारों के राशन कार्ड में कोई सदस्य का नाम छूटा हो तो नाम जुड़वाने तथा सभी पात्र हितग्राहियों को उज्जवला योजना से लाभान्वित किए जाने जानकारी दी गई।

# नेगानार व चित्रकोट में हुआ कहानी कथन उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

समग्र शिक्षा एवं लेंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कहानी कथन उत्सव प्राथमिक शाला नेगानार व चित्रकोट में गत दिवस मनाया गया। कहनी तिहार जिसमें संकुल के पांच स्कूल शामिल हुए। कहानीकार द्वारा बच्चों के परिवेश से लेकर अलग-अलग कहानियों को बताया गया और उसे बच्चों द्वारा चित्र एवं कहानी लिखाया गया। साथ ही कहानी कथन उत्सव में कहानी के उद्देश्य के बारे में चर्चा किया गया। कम्युनिटी द्वारा बच्चों को कहानी परिवेश से जुड़ी हुई सुनायी गयी। बच्चे बड़े मजे से कहानी का आनंद लिए और शिक्षक भी इस पहल को सराहे और आगे करने की बात कही। इस मौके पर संकुल समन्वयक जानकी राम नाग, अनिल कुमार सिन्हा चित्रकोट, अमित अवस्थी द्वारा कहानी कथन उत्सव का अवलोकन किया गया। इस कार्यक्रम में रतिराम कश्यप, सामुराम पटेल, ठिबुराम, हिडमो कश्यप, आयतू राम कश्यप, शिक्षक सोहन लाल, महावीर प्रधान, मुकेश मरकाम, राजेश नेताम, मोतीलाल सोरी, देशराज कमेटी, कहानीकार रीना पटेल उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल सोरी, दीपक कुमार मंडावी, मोहनबती, जगरु कश्यप, धिरमनी बघेल, केवली, शांति लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से जिला अकादमिक समन्वयक सुनील सिन्हा, ब्लॉक अकादमिक समन्वयक टिकेश्वर सोनवंशी एवं मनीष नेताम, गंगा प्रसाद कश्यप उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने अंदरूनी इलाकों में हुए विकास कार्यों का लिया जायजा

# चांदामेटा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के अति संवेदनशील इलाकों के रूप में कभी अलग पहचान रखने वाले चांदामेटा क्षेत्र के पटेलपारा, मुड़ियापारा, गदमेपारा में सड़क, बिजली, पेयजल जैसी जन-सुविधाओं का विस्तार हुआ है। कलेक्टर विजय दयाराम के.

■ कलेक्टर के आठ माह पहले क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने की थी मांग



सोमवार को अंदरूनी इलाकों में हुए विकास कार्यों का जायजा लिये। ज्ञात हो कि कलेक्टर विजय लगभग आठ माह पूर्व अपनी बस्तर जिले में नियुक्ति के तीसरे दिन कोलेंग, चांदामेटा क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की थी। ग्रामीणों की मांगों के आधार पर सड़क, विद्युत, पेयजल, स्कूल और आंगनबाड़ी की स्थापना की गई। चांदामेटा से सड़क निर्माण कार्य को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास निगम ने पटेलपारा तक बारिश से पूर्व पूर्ण कर लिया था। पटेलपारा, मुड़ियापारा, गदमेपारा और टोंडरापारा में विद्युत विस्तार का कार्य भी दो माह पूर्व किया गया है। इन इलाकों में इतने बरसों बाद विद्युत की रोशनी मिलने से ग्रामीणों में हर्ष है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था के तहत सोलर नल-जल योजना भी स्थापित किया गया है। कलेक्टर ने सड़क, विद्युत और नल-जल व्यवस्था के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। पटेलपारा निवासी ऊरा कुंजाम ने बताया कि विद्युत लाइन विस्तार नहीं होने पर मिट्टी तेल से लालटेन या दीया जलाकर उजियारा करते थे या आग की रोशनी का ही सहारा था। अब लाइट आ गई है तो बल्ब जलाकर उजाला करते हैं। उसने अपना मोबाइल भी चार्ज करने की जानकारी दी। कलेक्टर ने ऊरा को गर्भवती पत्नी के बेहतर देखभाल कर प्रसव कोलेंग अस्पताल में करवाने को कहा।

### बच्चे हो रहे शिक्षित

कलेक्टर विजय ने कहा कि विकास कार्य को गति देते हुए क्षेत्र के नागरिकों के मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था किया जा रहा है। कोलेंग में स्कूल की स्थापना कर बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। गांव के दो युवाओं को अतिथि शिक्षक के रूप में काम लिया जा रहा है। सोमवार को आंगनबाड़ी का भी शुभारंभ किया गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया है। इसी तर्ज पर आगामी दिनों में आंगनबाड़ी के बच्चों का भी जाति प्रमाण पत्र बनवाया जाएगा। कोलेंग के ग्रामीणों से चर्चाकर बच्चों को नियमित स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोलेंग कन्या आश्रम के लिए लगभग 100 मीटर पहुंच मार्ग मनरेगा के समन्वय से बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।

### नाले का पानी पीने की जरूरत नहीं

पटेलपारा की पीसो ने बताया कि सोलर नल-जल योजना से अब नाले का पानी पीने की जरूरत नहीं पड़ती। पहले नाले या झिरिया का पानी उपयोग करते थे जिससे कभी कभी तबियत भी खराब हो जाती थी। उसने भी बताया कि मेरे घर में भी विद्युत लाइन से रोशनी होती है। गांव के सरपंच आयता ने बताया कि पहले सड़क नहीं होने से पटेलपारा वासियों को बहुत दिक्कत होती थी। सड़क का निर्माण से सभी नागरिकों को सहूलियत है।

# योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को दंतेवाड़ा जिले के कुटेपाल, भांसी, बड़े कमेली, छिंदनार, मुसतलनार, चिकपाल तथा मारजूम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ देना है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में पीएम मोदी की गारंटी वाली वाहन पहुंचने पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, सभी हितग्राही इसका लाभ अवश्य लें। विधायक ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और सहकारी समिति के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। संकल्प शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, प्रधानमंत्री के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# यूनानी पद्धति से किया स्वयं सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शहीद हरचंद नाईक शासकीय महाविद्यालय तोकापाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्रातः काल की शुरूआत 5 से 6 बजे तक जागरण एवं प्रभात फेरी, योग, पीटी, परेड लक्ष्य गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात परियोजना कार्य ग्राम पंचायत लेंड्रा के प्राथमिक शाला के आस-पास सफाई कार्य किया गया। इसके पश्चात माध्यमिक शाला में भी समतलीकरण कार्य किया गया। दोपहर 2 से 4 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा में बी. प्रकाश मूर्ति ने युनानी चिकित्सा पद्धति से स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों को भी यूनानी चिकित्सा शिविर के माध्यम से लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर सनत जैन साहित्यकार ने कविता से स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आरके सेठिया, प्रोफेसर संतोष नाग, एनसीसी अधिकारी मंगतू राम कश्यप एवं स्वयं सेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## ड्रोन डेमोन्सट्रेशन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का गांव-गांव में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को विकासखंड छिंदगढ़ में निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम चिड़पाल और चिउरवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। यात्रा रथ गांव के समीप पहुंचते ही स्वागत समिति द्वारा रथ का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बंध में जानकारी दी। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का देश की जनता के नाम संबोधन प्रस्तुत किया गया और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय योजनाओं को स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामीणों ने विकसित भारत एवं स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर धनीराम बारसे ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले। जिले की ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन जा रही है। संबंधित अधिकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की भी जांच की जा रही है और शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये जा रहे है। आप सब इसका लाभ अवश्य उठाये।

### कृषि विभाग ने दी जैविक खेती की जानकारी

विकासखंड छिंदगढ़ में निर्धारित शिविर कार्यक्रम ग्राम चिड़पाल और चिउरवाड़ा में वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि ड्रोन डेमोन्सट्रेशन व स्वॉइल हेल्थ कार्ड डेमोन्सट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन डेमोन्स्ट्रेशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर आमजनों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### पशु औषधियों का किया वितरण

कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों एवं पशुपालकों को पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना से लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रकरण तैयार किया गया एवं पशु औषधियों का भी वितरण किया गया। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बतायी गई। विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं किट प्रदाय किया गया। शिविर में खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना, हेल्थ विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प, सीएससी द्वारा आधार अपडेशन, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास सहित अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया।

## तेलंगाना व महाराष्ट्र की सीमा से जुड़े भोपालपटनम में बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

# कलेक्टर ने किया मद्देड़ में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बीते दिन जिले के भोपालपटनम ईलाके का दौरा कर मद्देड़ में धान खरीदी केन्द्र, मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया तथा हितग्राहियों से मुलाकात कर योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।

मद्देड़ पहुंच कर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर टोकन और बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली। जिन किसानों के खातों में खाता त्रुटिपूर्ण होने के कारण बोनस की राशि जमा नहीं हुई है, उनकी राशि तत्काल जमा करने के निर्देश दिए। ग्राम देपला में मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति का अवलोकन किया तथा प्रारूप 6,7,8 में दावा आपत्ति प्राप्त करने के संबंध में बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। समक्का-सारक्का बैराज के डुबान क्षेत्र में कोत्तुर और तारलागुड़ा के प्रभावित किसानों से मुलाकात कर भू-अर्जन प्रकरण सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। यहां किसानों द्वारा सामूहिक मिर्ची की खेती की जाती है, जिससे आर्थिक लाभ के संबंध में किसानों से जानकारी प्राप्त की।

जिसमें किसानों ने बताया कि



परंपरागत खेती की अपेक्षा वर्तमान में नई पद्धति से खेती में अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है।

दौरे में कलेक्टर ने क्षेत्र के आस्था स्थल कालिका गुट्टा पहाड़ पर स्थित मां भद्रकाली मंदिर पहुंच कर दर्शन किए तथा क्षेत्र के विकास, खुशहाली और शांति की कामना की। यहां कलेक्टर ने गोदावरी, इंद्रावती नदी के संगम स्थल का मुआयना भी किया। भोपालपटनम क्षेत्र सीमावर्तीय राज्यों तेलंगाना और महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ है। जहां से क्षेत्र में सीमावर्तीय राज्यों से प्रवेश किया जाता है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय भव्य और आकर्षक प्रवेश द्वार बनाने का निर्देश दिया। भोपालपटनम नगर पंचायत को व्यवस्थित तथा स्वच्छ बनाए रखने हेतु समुचित व्यवस्था बनाए रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# सीआरपीएफ के जवानों ने महिलाओं और बच्चों को दिए जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



231वीं वाहिनी सीआरपीएफ के द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास और सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को 231वीं वाहिनी केरिपुबल के द्वारा उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में और सुरेंद्र सिंह कमाण्डेंट 231 बटालियन के मार्गदर्शन में कमलपोस्ट कैंप में सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कमलपोस्ट कैंप के आस-पास के गांव कोंडापारा, उत्तमपारा, पोरो- गुमड़ी, बंदीपारा और कोटवारपारा के लोगों को जरुरतमंद सामग्री का वितरण करना एवं उनके स्वास्थ की जांच करना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक कमाण्डेंट चुंडी नागा नरसिम्ह देव ने की। कार्यक्रम में कोंडापारा, उत्तमपारा, पोरो- गुमड़ी, बंदीपारा और कोटवारपारा गांव के गरीब ग्रामीणों एवं महिलाओं को मच्छरदानी, सोलर स्ट्रीट लाईट, विद्यार्थियों को किताबें, नोटबुक, पेन तथा बच्चों एवं युवाओं को बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन आदि खेल सामग्री वितरित की गयी।

# खेल को जीतना ही नहीं वरन जीतने की चाह रखना ही सब कुछ है : लखेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

टिकरालोहंगा एवं झारउमरगांव में क्रिकेट मैच का फाइनल टूर्नामेंट गत दिवस आयोजित किया गया था। जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। विधायक बघेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को जीतना ही नहीं बल्कि जीतने की चाह रखना ही सब कुछ है। टिकरालोहंगा में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बयागुड़ा और उलनार के मध्य खेला गया एवं झारउमरगांव में बेड़ाउमर गांव और झारउमरगांव के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा।

फाइनल मैच में बयागुड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 74 रन बनाये थे। जिसका पीछा करते हुए उलनार ने 9 ओवर में 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 6 रन से मैच हार गई। इसमें बयागुड़ा की टीम ने जीत दर्ज कराई। वहीं ग्राम पंचायत झारउमरगांव में बेड़ाउमरगांव पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 94 रनों का एक विशाल स्कोर खड़ा किया था। जिसका पीछा करते हुए झारउमरगांव ने अंतिम ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते जीत सुनिश्चित किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि खेलों का बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं दिलाने का प्रयास करें, तो बच्चों में खेलों के प्रति जुनून की भावना उत्पन्न होगी। जो उन्हें काफी आगे तक ले जाने में सहायक होगी। इस दौरान सरपंच डमरूधर बघेल, सुकरू राम, मानसिंह कवासी, मधु निषाद, तुलसीराम ठाकुर, जागेंद्र कुमार जीराम, राजेश कुमार, मंगलराम मौर्य, होमसिंह कश्यप, नारायण बघेल, शिवनाथ, समस्त कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कराते टूर्नामेंट में बस्तर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ट्रेडिशनल शोतोकॉन इंटरनेशनल कराटे-डो फेडरेशन (इंडिया) द्वारा 6 से 7 जनवरी तक कटक ओड़िशा में ओपन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों के कराटे खिलाड़ी सहित बस्तर अंचल के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में बस्तर जिले के कराटे खिलाड़ी छत्तीसगढ़ सोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक व अध्यक्ष सरजीत सिंह बख्शी के नेतृत्व में तथा टीम मैनेजर पूनम कौर के साथ प्रतियोगिता में खेलते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में वंश यादव ने ब्राउंज, अभिषेक कावडे सिल्वर, समर ठाकुर ब्राउंज, अरुण कुमार नाग सिल्वर मेडल जीते। वहीं बालिका वर्ग में रुकमणी यादव सिल्वर, रदीना नेताम ब्राउंज, मनीषा नाग सिल्वर मेडल, दिव्या साहू गोल्ड मेडल और रमिला कुंजाम ब्राउंज मेडल जीते। टूर्नामेंट में मेडल प्राप्त करने सभी कराटे खिलाड़ियों को संस्था के संरक्षक राणा घोष, जिला जूडो संघ सचिव अब्दुल मोईम, प्रशिक्षक विजेंद्र नाथ ठाकुर, लक्ष्मीनारायण कश्यप, भाग्य कुमार, ज्वाला सिंह ठाकुर ने शुभकामनाएं दी है।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जिले के 16 गांवों में आयोजित होंगे शिविर

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन शिविर आयोजित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। मंगलवार 9 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सरण्डी एवं एण्डानार, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ईरागांव, भोड़िया, कन्हारगांव एवं मुल्ला, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांडाटोला एवं पलेवा, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नवागांव भावगीर एवं इच्छापुर, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बलरामपुर, बारदा, उलिया एवं विकासपल्ली तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार एवं साल्हेभाट में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### स्वामी आत्मानंद आदर्श कालेज में मना वार्षिकोत्सव

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श कालेज में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में प्रांजल सिन्हा बीकाम 2 प्रथम तथा द्वितिय स्थान पर आदर्श नैनानी बीकाम 3 रहे। छात्राओं में प्रथम मोनिका व द्वितीय अंजली रही। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता छात्रों में नितिन ने प्रथम स्थान, दूसरे स्थान पर यशस्वी रहे। छात्राओं में हिमानी नाग प्रथम व खिलेश्वरी द्वितिय स्थान पर रही। तत्पश्चात प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें कशिश असरानी, मेहक नैनानी व आदर्श नैनानी के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू, खेल प्रभारी खिलेश्वर कोसमा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रियंका जायसवाल, सहा. प्रा. प्रियंका गर्वना, डॉ. अशोक भारती, अतिथि व्यख्याता चित्रसेन राय, डॉ. आभा श्रीवास्तव, दिनेश वर्मा, विवेक मनसागर, रिनी सुभी विल्सन, सत्यप्रिया जैन एवं रूपांजना जैन उपस्थित रहे।

# खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

**पर्यावरण को बचाने के महत्व को समझाने, बच्चों ने प्रस्तुत किया नाटक**




दुर्गुकोंदल तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में गोयल ग्रुप की आयरन ओर माइंस में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए हुए निरीक्षण दल के सदस्यों नें खदान का निरीक्षण किया। माइंस प्रबंधन द्वारा आए हुए अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुरूप स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गुकोंदल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत गीत व छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य के साथ किया गया। बच्चों द्वारा पर्यावरण बचने के महत्व को समझाने के लिए छोटे से नाटक की प्रस्तुति भी की गई, जो कि निरीक्षण दल के सदस्यों को बहुत ही पसंद आया। बच्चों के द्वारा बनाए गए पोस्टर्स कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहे जिसमें निरीक्षण दल द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। जिन बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उन सभी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बच्चों का मनोबल बढ़ाने और इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए समस्त बच्चों को उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए लोकनृत्य, स्वागत गीत तथा नाट्य प्रस्तुति के लिए भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में खदान प्रबंधन द्वारा द्वारा खदान के तीन कर्मियों को बतौर पर्यवरण मित्र पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एसीसी सीमेंट के अमिताभ चौधरी, नुवोको विस्टा के सौमित्र हलदर, जेके लक्ष्मी सीमेंट के शुभम पाल, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य धर दास के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक गण व गोयल ग्रुप के महाप्रबंधक डीके मोहन्ता तथा सहायक महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता, वरिष्ठ प्रबंधक लायजनिंग रवि तिवारी, खान प्रबंधक भोजराम बंजारे, अतुल जैन, बसंत बिंदानी, अंकुर गोयल, नितेश मोहता के साथ खदान के कर्मचारी व कामगार मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण :** पाठ्यक्रम में 11 मॉड्यूल शामिल, दे रहे प्रशिक्षण

# पांच दिवसीय शालेय स्वास्थ्य एवं वैलनेस कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आयुष्मान भारत के स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी पांच दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल के सभागृह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . अविनाश खरे, जिला प्रबंधक डॉ. रोहित वर्मा, सपोर्टिंग डॉ. विनोद बैद, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे के निर्देशन पर प्रारंभ हुआ। पाठ्यक्रम में 11 मॉड्यूल है जिसमें स्वास्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोटों के खिलाफ सुरक्षा तथा इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ाव देना आदि हैं। प्रथम दिवस पर माड्यूल पहले एवं दूसरा पर सविस्तारित चर्चा की गई, जिसमें स्वास्थ वर्णन जो किशोर अवस्था में होने वाले बदलाव आदि पर चर्चा हुई। ग्रुप में विभाजित कर केस स्टडी दिया गया जिसमें माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के शिक्षक शिक्षिकाएं ने बहुत ही अच्छे ढंग से बच्चों के ऊपर होने वाली जो गतिविधि को करके दिखाया। इस अवसर पर अस्पताल के डॉ. चंदन बैरागी, पिरामिल हेल्थ फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रमुख अंजली पांडे, मास्टर ट्रेनर्स किशोर विश्वकर्मा, हेमलाल खरे, शंकर नागवंशी, रामचंद्र दुग्गा, टिकेश्वर साहू रहे। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के 80 शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थी मनीषा सिन्हा, कमला नरेटी, सरस्वती गायकवाड, सोमेश्वरी साहू, लता दात, अंजू ध्रुव, विनोद रंगारी, नीलम देहारी, उत्तम कुमार सोनी, अनु मरकाम, दुर्योधन कोषमा, मनोज पांडे आदि उपस्थित रहे।

# आबकारी अधिकारियों ने सेल्समैन पर की कार्रवाई, हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा



अंग्रेजी तथा देशी शराब दुकान का सुपरवाइजर एक ही व्यक्ति को मिलने से यह मिलावटी तथा अतिरिक्त राशि की वसूली पर बंदरबाट कर रहा था। संबंधित अधिकारी की जानकारी में मुद्रित राशि को मिटाकर अधिक दाम में बेचकर उपरी कमाई में मशगुल रहने का बड़ा खेल किया जा रहा था। अवैध वसूली तथा मिलावट की कार्रवाई की सत्यता जानने पर शिकायत सही मिली। जिसमें उच्च अधिकारियों को जानकारी मिलने पर दुकान के सेल्समैन मनोज गुप्ता के उपर कार्यवाही किया गया, जबकि अग्रेंजी दुकान के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। आबकारी विभाग ने अन्य लोगों को ब्लैक लिस्टेस्ट आखिकार क्यों नहीं किया। अब जब जिले में नए कलेक्टर की पदस्थापना हुई है, तब देखना यह है कि जिला आबकारी सहित अन्य लोगो पर कब कार्रवाई होती है। जबकि क्षेत्र मे इस प्रकार शराब की गुणवता में कमी के कारण लोगों को महुआ शराब हो रही अवैध ब्रिकी की तरफ आकर्षित होकर उसको ग्रहण करने मजबूर होना पड़ रहा है।

### विधायक ने किया कैलेंडर का विमोचन



**भानुप्रतापपुर।** अमाबेड़ा में छग आरएमए एसोसिएशन जिला शाखा-कांकेर के कैलेंडर 2024 का विमोचन अतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी ने 7 जनवरी को किया। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अब तक राज्य के ग्रामीण अंचल के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आरएमए के योगदान की सराहना की।

# नशामुक्ति एवं बाल विवाह पर स्वयंसेवकों ने प्रस्तुति दे किया जागरूक

- कोरर विद्यालय के रासेयो द्वारा संचालित शिविर में दी जा रही विभिन्न जानकारियां



**कोरर।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित शिविर के द्वितीय दिवस प्रातःकाल का आरंभ योगा से हुआ। प्रायोजना कार्य के बाद ,बौद्धिक सत्र में थाना कोरर के उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को लायसेंस बनने की प्रक्रिया 16 वर्ष से आरंभ हो जाती है। जिसमें बिना गियर वाली गाड़ी चला सकते हैं।

18 वर्ष से उपर होने पर सामान्य लायसेंस की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं जिसके लिए लगभग 1300 से 1500 रूपए का चालान जमा करना होता है। यह अलग- अलग राज्य में अलग अलग हो सकता है। सबसे पहले आपको लर्निंग लाइसेंस बनवाना होता है। जिसे बनवाने के लिए करीब 450 से 500 रुपए तक का खर्च पड़ता है। इसके 6 महीने के अंदर आपको परमानेंट लाइसेंस या ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अप्लाई करना होता है। जिसमें पहचान का प्रमाण पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पते का प्रमाण उपयोगिता बिल, किराया समझौता आयु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र पासपोर्ट आकार की तस्वीरें आदि दस्तावेज की जरूरत होती है। लाइसेंस के बिना वाहन चलाने पर दंडित किया जा सकता है। यह व्यक्तिगत सत्यापन के दस्तावेज के रूप में भी कार्य करता है। साथ ही प्राथमिक सूचना दर्ज के बारे में भी जानकारी दी जिसमें बताया गया कि किसी घटना के संबंध में पुलिस के पास कार्यवाई के लिए दर्ज की गई सूचना को प्राथमिकी या प्रथम सूचना रिपोर्ट कहा जाता है। इस दौरान रासेयो जिला संगठक रितेश कुमार नाग के द्वारा शिविर स्थल, मेष स्थल ,मंच का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

जिला संगठक के सहयोगी के रूप में टुपेश कुमार कोसमा सहायक कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महार्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर, शिविर संचालक जनक राम कोमरा देवल सिंह नायक प्रधान अध्यापक मा. शा .चिल्हाटी उपस्थित रहे। संध्या सत्र में शिविर सह प्रभारी मोनिषा मरई, तोमेशवरी मानकर के मार्गदर्शन में नशामुक्ति एवं बाल विवाह पर स्वयंसेवकों ने प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक किया। छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर शिक्षक डेविड गिलहरे,मोती लाल आंचला, दुष्यंत सोनकर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 11 गांव के प्रभावित लोगों ने किया मुआवजे देने की मांग

- कलेक्टर के नाम पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पुत्तरवही से कच्चे तक प्रभावित 132 के व्ही विदयुत लाइन विस्तार में 11 ग्राम के किसानों को उचित मुआवजा एवं पावर एंड इस्पात लिमिटेड माइंस में रोजगार दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने रैली निकालकर विरोध दर्ज किया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया ग्राम पुत्तरवही से कच्चे तक कुल 11 ग्राम के कृषकों ने बताया कि ग्राम पुत्तरवही से कच्चे तक पावर एंड इस्पात लिमिटेड माइंस हेतु 132 के व्ही विद्युत लाइन डाली जा रही है। जिसमें 11 ग्राम के कृषकों की कृषि भूमि तथा वन भूमि पर टावर निर्माण कार्य सन 2023 में प्रारम्भ किया जा चुका है। किसी भी प्रकार से विदयुत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों को इस सम्बन्ध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। टावर निर्माण एजेंसी द्वारा लाइन विस्तार में प्रभावित कृषको के घर जाकर उन्हें सम्पूर्ण जानकारी न देते हुए कागजो पर हस्ताक्षर करवाया गया है। ज्ञापन मेंकहा गया है की प्रभावित कृषकों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा लेकिन विद्युत विभाग द्वारा उक्त सम्बन्ध में कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस सम्बन्ध में प्रभवित ग्राम के कृषकों द्वारा निर्णय लेते हुए शासन प्रशासन एवं विदयुत विभाग से मांग करते हैं कि उचित मुआवजा एवं पावर एंड इस्पात लिमिटेड माइंस में रोजगार दिलाया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की मांग पर सहमत हैं तो मांग पूरा करें। मांग पूरी नहीं करने पर विदयुत लाइन को कृषि भूमि से हटाए अन्यथा हम आंदोलन के लिए बाध्य होकर धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

**इन गांवों के लोग होंगे प्रभावित**

उक्त लाइन विस्तार में पुत्तरवही, बांसला, चवेला, सम्बलपुर, धनगुडरा, कराठी, टेढईकोंदल, भैसमुडी, भैसाकन्हार, टेकाढोढ़ा, एवं कच्चे इन सभी ग्राम के कृषकों की कृषि भूमि प्रभावित होगी। उन्होंने मुआवजा मांगा है।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जगदलपुर एफसी टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरहरपुर

- सरोना में चार दिनों तक खेला गया मैच




सरोना में चार दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 4 से 7 जनवरी तक हाईस्कूल मैदान में युवा क्लब के तत्वावधान में ग्राम पंचायत समिति की सहयोग से रखा गया था। प्रतियोगिता में फाइनल मैच में जगदलपुर एफसी एवं कोंडागांव एफसी के मध्य खेला गया, जिसमें जगदलपुर एफसी ने जीत अपने नाम कर लिया।

विजेता टीम को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा प्रथम इनाम 21021 रुपए व ट्रॉफी नवनिर्वाचित विधायक आशाराम नेताम एवं युवा क्लब सरोना के द्वारा दिया गया। दूसरा इनाम 11011 रुपए एवं ट्रॉफी जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, मंडल महामंत्री टेकेशवर सिन्हा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत खेल का एक हिस्सा है, जो खेलेगा वहीं हारेगा। शहसवार ही मैदान-ए-जंग में वो तिफ्ल क्या गिरे जो घुटनों के बल चले, इसलिए खेल में हार जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना और खेलना जरूरी है। खेल भावना केवल खेल के मैदान में ही नहीं अपने जीवन में भी अपनाए। जब हम कदम से कदम मिलाकर चलते हैं और एक साथ रहते हैं तो ताकत चलती है, चार दिन में बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है जो बधाई का पात्र है। उन्होंने आयोजन समिति को आगे और भी खेल करने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन समिति के सदस्य खेमन सुरोजिया, संदीप यादव एवं सौरभ लुनावत ने हाई स्कूल मैदान में स्टेडियम एवं लाइट व्यवस्था कराने के लिए मांग पत्र जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर को सौंपा। इस अवसर पर खेल समिति के सदस्य गण ललित बघेल, हिमांशु धुरवा, पंकज रामटेके, अशवनी सिंन्हा, दिपेश लोह, विकी लुनावत, शिवा भास्कर, हारिश साहु, कीर्तन साहू, मोनू साहू, शुभम यादव, फैजल मेमन, निखिल निषाद उपस्थित रहे।

समापन समारोह में सरपंच सूरज कोराम, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, मंडल महामंत्री टेकेशवर सिंन्हा, उपसरपंच पुष्कर साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी, ग्राम पटेल मोहन नेताम, बीआरसी नरहरपुर हिमन कोराम, कमलेश यादव, पूर्व ग्राम समिति अध्यक्ष सुरेश साहू, अशोक निषाद, पूर्व सरपंच तुका नेताम, अशोक मरकाम, दिलीप रामटेके, संजय गोलछा, वार्ड पंच सेवा बट्टी, विधायक मीडिया प्रभारी अशोक जैन, राम भरोस मंडावी, सुरेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

**स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को बांटे जरुरत के सामान**

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने लगाया चिकित्सा जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर




81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने 8 जनवरी को कमांडेंट राकेश सिन्हा की अगुवाई में सीओबी पोंडगांव द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत, राजकीय प्राथमिक स्कूल में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जरुरत का सामान बांटा। इसके साथ ही चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया। कार्यक्रम में सीओबी पोंडगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम- लमकनहार, लमपूरी और अमलीपदर के ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया। साथ में ग्रामीणों की चिकित्सक जांच कर उनको दवाइयां दीं। जैसे- जैसे सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिन प्रतिदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं, वैसे वैसे लोगों का विश्वास सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता जा रहा है। सिविक एक्शन के साथ साथ बच्चों को सुरक्षा बल में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्राम-लमकन्हार में चिकित्सा जांच शिविर लगाने में डॉ. सुकेश वड्डे (चिकित्सा अधिकारी), सी एच ओ खुशबू गुप्ता (सी एचसी हॉस्पिटल अंतागढ़) ने अपना योगदान दिया। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार मिश्रा (कंपनी कमांडर पोंडगांव), सियाराम मरकाम (सरपंच ग्राम-लमकन्हार), धर्म सिंह उइके (वार्डपंच ग्राम-लमकन्हार), सूबे सिंह (वार्डपंच ग्राम-लामपुरी) और अमानी देवी ( हेड मास्टर शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमकन्हार) साथ में स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे।




